## खबर संक्षेप

### कुरंदी में समस्याओं को हल करने की मांग, मिला आश्वासन



**जगदलपुर।** कुरंदी ग्राम पंचायत पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से ग्रामवासियों ने क्षेत्र के विकास को लेकर सड़क, पानी एवं अन्य समस्याओं की मांग रखी। जिस पर उन्होंने कहा कि सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा । जगदलपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा दायित्व है जिसका निर्वहन किया जाएगा।

### शिशु संरक्षण माह में बच्चों का टीकाकरण



**जगदलपुर ।** दरभा ब्लाक के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन सेन के निर्देशानुसार 9 सितंबर को आंगनबाड़ी केंद्र सेड़वा में शिशु संरक्षण माह एवं छतीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण एवं विटामिन ए और आयरन सिरप पिलाया गया। जिसमें स्वास्थ विभाग के कर्मचारी एवं आ. बा. कार्यकर्ता , सहायिका एवं गांव के लोग शामिल रहे।

### दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में रोजगार मेला 12 को

**जगदलपुर ।** दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में राज्य स्थापना की रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 12 सितंबर को दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेला होगा। प्राचार्य ने बताया कि इस मौके पर सरकारी एवं निजी नौकरियों तथा अप्रेंटिसशिप की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वरोजगार, स्टार्टअप एवं लोन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। एनजीओ सेक्टर में समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में भी छात्राएं जान सकेंगी।

## पत्रवार्ता : आमजन का जीवन होगा खुशहाल, व्यापार उद्योग को मिलेगी नई गति

# जीएसटी सुधार से आमजनता, व्यापारी किसानों को मिलेगा सीधा लाभ : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार कर कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से व्यापारी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे।

जिला कार्यालय में मंगलवार को पत्रवार्ता में विधायक देव ने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। देव ने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

किरण सिंह देव ने कहा कि यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा। यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। उन्होंने जीएसटी सुधार के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। पत्र वार्ता में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, रुप सिंह मण्डावी, योगेन्द्र पांडे, नरसिंह राव, अविनाश श्रीवास्तव, आलोक अवस्थी उपस्थित रहे।

### झूठ और भ्रम का जाल फैला रही है कांग्रेस

किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है। अपशब्द, अभद्रता और गाली का प्रयोग कांग्रेस करने लगी है। मां का अपमान करने का महापाप कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है, यह निम्न स्तर की राजनीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यही चरित्र है, जिसके कारण ही जनता जनार्दन ने उन्हें सत्ता से उखाड़ कर बाहर फेंक दिया। सत्ता पाने की लालसा में कांग्रेस ने राजनीतिक नैतिकता को ताक में रख दिया है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पति गणेश पंडाल में था तभी घर में अकेली पाकर घुस गया था आरोपी
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम नेगीगुड़ा में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक 5 सितम्बर की रात जिस समय आरोपी ने घटना को अंजाम दिया उस समय वह अकेली घर पर थी वहीं उसका पति गणेश पंडाल में चल रहे आयोजन देखने गया हुआ था। पड़ोसी युवक ने महिला को अकेली घर में पाकर छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। महिला से छेड़छाड़ के मामले को गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार करने थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। पिड़िता ने 8 सितम्बर को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाला आरोपी गुप्तो कश्यप पिता लैखन कश्यप 25 वर्ष निवासी नेगीगुड़ा थाना नगरनार ने घटना दिनांक की रात लगभग 10.30 बजे जब वह घर में अकेली थी घर वाले एवं इसका पति गणेश पंडाल कार्यकम देखने गये थे उसी समय पड़ोस में रहने वाले आरोपी प्राथीर्या को अकेली पाकर घर में घुसकर प्राथीर्या को बुरी नियत से पकडकर छेड़खानी किया गया था। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 74, 331 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**संग्रहण केन्द्र जाने वाली सड़क सिंगल लेन, ट्रकों से आवागमन बाधित**

# नियानार संग्रहण केन्द्र मार्ग पर रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के आड़ावाल से मारेंगा जाने वाले बायपास के पास स्थित नियानार संग्रहण केन्द्र जाने के लिए सिंगल रोड होने के बाद भी केन्द्र में धान लोडिंग करने के लिए 100 से अधिक ट्रक सड़क में ही रखा गया है। सड़क में ट्रकों के चलते आवागमन जाम हो रहा है, जिससे केन्द्र के पास स्थित निजी स्कूल में बच्चों का आना-जाना होता है, जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है।

लोगों ने कहा कि संग्रहण केन्द्र से स्कूली बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हाऊसिंग बोर्ड के



एसडीओ केयूर वैद्य कार से मंगलवार को बच्चे को लाने स्कूल जा रहे थे, ट्रक होने के चलते उन्हें कार को मोड़ में रख दिया। उसी समय एक ट्रक चालक ने मनमानी करते हुए कार को साइड से रगड़ दिया, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के दौरान कार में बच्चे नहीं थे।

### ट्रकों की पार्किंग कराएं

इसकी सूचना मिलते ही यातायात पुलिस की टीम एएसआई सुदर्शन दुबे के नेतृत्व में पहुंचे। एएसआई ने तत्काल केन्द्र के प्रभारी एवं डीएमओ को स्थल में बुलाया और कहा कि केन्द्र में पहुंचने वाले ट्रकों को पार्किंग कराएं, जिससे लोग आसानी से सड़क में आवागमन हो सके।

### सड़क पर ट्रकों की लंबी लाइन

स्कूल से बच्चों को घर ले रहे स्कूल बस चालक ने बताया कि इस सड़क में ट्रकों की लंबी लाइन होने से हमेशा दुर्घटना होने की संभावना रहती है। केन्द्र से बायपास तक पहुंचने में 10 मिनट का सफर है, लेकिन ट्रक के चलते आधे से पौन घंटे तक समय लगता है।

# अंजोर विजन होगा लागू, नया डेटा डैशबोर्ड करेंगे लॉन्च

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के विकास लक्ष्यों और छत्तीसगढ़ अंजोर विजन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग स्तरीय एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नव विकसित विकास लक्ष्य डैशबोर्ड में डेटा प्रविष्टि के संबंध में आयोजित किया गया है। कमिश्नर डोमन सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला 12 सितम्बर को सुबह 10 बजे से कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संभागीय स्तर पर सभी जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारियों तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों को सतत विकास लक्ष्य डैशबोर्ड पर डेटा एंट्री का प्रशिक्षण देना है।






# लक्ष्य प्राप्ति से अधिक आनंद संघर्ष के समय में आता है : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज में विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की। श्रीनिवास राव मद्दी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के गायन के साथ हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा छत्तीसगढ़ की यह 25 वर्ष की यात्रा आत्म मूल्यांकन का समय है। जिसके माध्यम से भविष्य के विकास की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए विस्तार



पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में शहरों की तुलना में शैक्षणिक विकास अधिक हुआ है । उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी लड़कों से अधिक है। जो एक सराहनीय उपलब्धि है। मुख्य अतिथि मद्दी ने अपने संबोधन में महाविद्यालय एवं शिक्षकों के योगदान को अपने जीवन की सफलता की नींव बताया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं सांसद प्रतिनिधि ⏭ शेष पेज 12 पर

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण अमितांशु झा, सुशील कुमार दत्ता, रानू मेश्राम, इंद्रामूर्ति, तूणीर खेलकर, विमल रात्रे, घनश्याम ठाकुर, कल्पना मंडावी, दीवाकर , किशन मरावी, दुर्गेश देवांगन, होलेश साहू ,प्रीति सिंह, प्रीति किसपोट्टा, दीपिका दड़सेना, कोडोपी, डॉली परवीन, बीपी साहू एवं एफआर साहू के साथ महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।*

## दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# एलुमनाई मीट में पूर्व छात्राओं ने सुनाए संस्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती का सफर कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व एवं वर्तमान छात्राएं, प्राचार्य तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एलुमनाई संघ प्रकोष्ठ की संयोजक बबीता दीवान द्वारा किया गया जो स्वयं इस महाविद्यालय की एलुमनी रह चुकी हैं।

प्रारंभ में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रंजना नाथ ने संबोधित किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र मोतीवाला तथा सहायक प्राध्यापक श्यामाचरण, भुवनेश्वर कुमार, गुलाब साहू, ज्योति त्रिपाठी तथा अतिथि व्याख्याता शबाना बेगम, डॉ. बिंदु साहू, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ. पूनम सोनी तथा लाइब्रेरियन जयश्री मण्डल देबनाथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने मंच पर आकर अपने संस्मरण साझा किए। जिसमें सर्वप्रथम सहायक प्राध्यापक बबीता दीवान ने एक पूर्व छात्रा के रूप में अपने संस्मरण साझा किए । तत्पश्चात बिंदु साहू, सरस्वती श्रीवास्तव, अनुषा जॉन, हाशमी खान, सुनीता पाढ़ी, निरूपा वर्मा, कु आयुषी जायसवाल, रितिका पाल, तनु गुप्ता, दक्षिता राठौर, यशोदा, सरस्वती, राधामानी पठारे, मीनाक्षी पाणिग्रही, दीप्ति बाजपेई, कविता जोशी, डॉली सिंह, ज्योत्स्ना सेना, एकेश्वरी बघेल, प्रीति पाढ़ी ने अपने संस्मरण साझा किए। सभी पूर्व छात्राओं ने हर्ष के साथ इस एलुमनी मीट में हिस्सा लिया तथा अपनी भावनाएं व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक 11 को

**कोण्डागांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखाओं में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन 11 सितम्बर 2025 को समय 11 बजे पीएचसी कोण्डागांव में निधारित किया गया है। जिसमें जिले के प्रबंध समिति के अतिरिक्त प्रबंध समिति स्थानीय स्तर पर समिति का गठन एवं अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा।

### केवल अधिकृत पोर्टल से ही करें ई-चालान का भुगतान

**कोण्डागांव।** परिवहन विभाग ने आम नागरिकों को सूचित किया है कि वे अपने वाहन से संबंधित किसी भी आरटीओ ई–चालान का भुगतान केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही करें। विभाग ने बताया है कि हाल ही में कुछ धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जहाँ लोगों को नकली संदेश या ईमेल भेजकर चालान की राशि जमा करने का प्रयास किया गया। ऐसे फर्जीवाड़े से बचने के लिए नागरिकों को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट या लिंक पर भुगतान नहीं करना चाहिए। अपने असली चालान की जाँच करने के लिए, वाहन मालिक परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर पे-ऑनलाइन विकल्प चुनकर अपने वाहन और चेसिस इंजन नंबर के अंतिम चार अंक डालकर पूरा विवरण प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे सीधे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने साफ किया है कि पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा जारी सभी ई–चालान केवल उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाते हैं। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऐप से मिली लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी को ऑनलाइन भुगतान करें। किसी भी शिकायत के लिए नजदीकी पुलिस स्टेशन या परिवहन विभाग में तुरंत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित

**कांकेर।** धरमपुरा इंडोर स्टेडियम जगदलपुर में बस्तर संभाग स्तरीय स्कूल गेम्स कराते चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले से कुल 21 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शाउमावि लेंडारा विकासखंड नरहरपुर के 10 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में आंचल नेताम, रिंकी भास्कर, राहुल शोरी, देवेश यादव, नीरज भास्कर, अरुण नेताम, अजित वट्टी, शिवानंद शोरी, सुनील उइके व राज यादव है। राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर में होगी।

### ईरागांव में आज दुर्रे बंजारी छत्तीसगढ़ नाचा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम ईरागांव में नव युवक गणेशोत्सव समिति शीतलापारा के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी नाचा आज 10 सितंबर बुधवार को आयोजन कराया जा रहा है।

# खाद दुकानों और गोदामों का किया निरीक्षण, कई को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**कृषि विभाग टीम को जांच में मिली अनियमितताएं**





अलग खबर

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर और उप संचालक कृषि डीपी ताण्डे के नेतृत्व में, जिले में उर्वरकों खाद की कालाबाजारी को रोकने के लिए निजी विक्रेतदुकानों और गोदामों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में, सोमवार को कोण्डागांव और बड़ेकनेरा के कई कृषि केंद्रों की अचानक जाँच की गई।

उप संचालक कृषि डीपी ताण्डे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में गड़बड़ियाँ पाई गईं। उन्नत कृषि बीज केंद्र, सुहाने एग्रो इंडिया और गौतम कृषि केंद्र में वैध प्रमाणपत्र के आधार पर व्यवसाय न करने, विक्रय दर की सूची न लगाने, स्टॉक रजिस्टर मेंटेन न करने, और कैश क्रेडिट मेमो जारी न करने जैसी अनियमितताएँ मिलीं। साथ ही, इन दुकानों की पीओएस मशीन और गोदाम में रखे स्टॉक में भी अंतर पाया गया। इन सभी संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बड़ेकनेरा के बघेल कृषि केंद्र के निरीक्षण में पाया गया कि दुकान का मालिक पिछले 5 से 8 महीने से जेल में है और दुकान कोई और व्यक्ति चला रहा था। इस पर इस केंद्र को बंद कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## आवास, कौशल विकास और अन्य योजनाओं की समीक्षा

# कलेक्टर ने मातृ वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज समय–सीमा की बैठक में शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्योर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर जोर देते हुए अधिकारियों को सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर ने सांसद खेल महोत्सव के पंजीकरण की जानकारी ली और इसके सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास विभाग के अधिकारियों से जिले के सभी महाविद्यालयों में प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए, उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और मनरेगा के तहत भुगतान के लिए समय पर मस्टर रोल जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

**नियमित निरीक्षण के दिए निर्देश**–इसके अलावा, कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीकरण, दीदी ई–रिक्शा योजना से अधिक महिलाओं को जोड़ने और श्रम पंजीकरण के आँकड़े बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने निर्धारित गाँवों और छात्रवासों का नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने छात्रवासों में रीडिंग रूम, डाइनिंग टेबल और कंप्यूटर रूम जैसी सुविधाओं का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे, नए छात्रवास भवनों का निर्माण, और महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल व बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में कई तरह की समस्याओं को लेकर 22 आवेदन प्राप्त हुए। श्रीमती सविता सोनवानी, महात्मा गांधी वार्ड, कोंडागांव ने आवास की मांग की। ग्राम पंचायत कुल्हाड़गांव और ग्राम बालेंगा के ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण की मांग की। सोमारू राम नाग, बाड़ागांव ने किसान किताब बनाने के लिए आवेदन किया, जिस पर एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम आंवराभाटा के घसिया राम नेताम ने सीसी रोड निर्माण की मांग की। ग्राम केवंटी के राजेश पवार ने मोबाइल टॉवर स्थापित करने की मांग की। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए जोर दिया, ताकि आम लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

# क्यूआर कोड से मिलेगी ग्राम पंचायतों के कार्यों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 1 पंचायतों को दिए गए क्यूआर कोड

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए, कोंडागांव जिले की ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड की सुविधा शुरू की गई है। अब ग्रामीण अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर पिछले तीन साल में हुए विकास कार्यों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

जिला कार्यालय में हुई समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई की मौजूदगी में जनपद पंचायत कोंडागांव की 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को यह क्यूआर कोड सौंपा गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने बताया कि स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन करते ही, पंचायत में हुए सभी सामुदायिक और व्यक्तिगत कार्यों की जानकारी पीडीएफ फाइल के रूप में तुरंत मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को जानकारी के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय बचेगा और ग्रामीण तकनीकी रूप से और भी सशक्त बनेंगे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से बिजली बिल हुआ शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- 78,000 की सब्सिडी से मिली मदद, हर महीने 4,000 तक की बचत

केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' से अब आम लोगों की जिंदगी बदल रही है। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण कोण्डागांव के सरंगीपाल पारा निवासी शिशिर श्रीवास्तव हैं, जिन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली के भारी–भरकम बिल से छुटकारा पा लिया है।

श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी बिजली विभाग से मिली। उन्होंने तुरंत आवेदन किया और बैंक ऑफ बड़ौदा से ऋण लेकर अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप पैनल लगवाया। इस प्रक्रिया में उन्हें सरकार की ओर से 78,000 की सब्सिडी भी मिली। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही आसान और कम समय में पूरी हो गई।

श्रीवास्तव को पहले हर महीने 2,500 से 3,000 रुपये का बिजली बिल आता था, जो गर्मियों में 4,000 तक पहुँच जाता था। लेकिन अब सोलर पैनल लगाने के बाद उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। इसके अलावा, पैनल से पैदा हुई अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भी जा रही है, जिससे उन्हें भविष्य में आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब उनका घर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा है। यह योजना परिवारों का आर्थिक बोझ कम कर रही है और गैर–नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता भी घटा रही है।

### एनएचएम कर्मचारियों की जायज मांगें सरकार शीघ्र करे पूरी



**कोण्डागांव।** पूर्व पार्षद योगेश गोस्वामी ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। उनके हड़ताल पर जाने से ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाएं ठप पड़ रही हैं और यदि आंदोलन लंबा खिंचता है तो स्थिति और बदतर हो सकती है। गोस्वामी ने मांग की कि सरकार को तत्काल कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित जायज मांगों को पूरा करना चाहिए, ताकि आंदोलन से आम जनता को हो रही परेशानी दूर हो सके। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन में अभी तक व्यापक जनसमर्थन नजर नहीं आ रहा है। किसी भी आंदोलन की सफलता के लिए समाज का सहयोग जरूरी होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आंदोलनकारी ऐसी रणनीति अपनाएं जिससे यह आंदोलन जनआंदोलन का रूप ले सके। पूर्व पार्षद ने याद दिलाया कि इन्हीं एनएचएम कर्मचारियों ने कोरोना महामारी के समय अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा की थी। सरकार को चाहिए कि उनके उस योगदान को मान्यता देते हुए उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करे।

**विचाराधीन बंदियों के मामलों की हुई समीक्षा शीघ्र न्याय दिलाने पर जोर**

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक

जिला नारायणपुर के लिए गठित अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक 9 सितम्बर को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी ने की। बैठक में न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से उन मामलों पर चर्चा हुई जिनमें आरोपी लंबे समय से जेल में हैं या जहां जमानत संभव है।

### *लोक अदालत और क्षतिपूर्ति योजना पर चर्चा*

*बैठक में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए रणनीति पर विचार किया गया। साथ ही पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018 के प्रभावी क्रियान्वयन और समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर भी चर्चा हुई।*

### *अधिकारी एवं न्यायिक पदाधिकारी रहे मौजूद*

*इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर सुशील कुमार नायक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर कु. प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेश्मा बैरागी पटेल और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव कु. गायत्री साय उपस्थित रहीं।*

# ई–रिक्शा चलाकर आत्मनिर्भर बनीं सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- दीदी ई–रिक्शा योजना ने दी नई दिशा
- 50 हजार रुपये के अनुदान से खरीदा ई–रिक्शा

कोण्डागांव जिले के नहरपारा की रहने वाली सरस्वती नेताम आज अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। कुछ समय पहले तक सरस्वती एक मजदूर थीं और अपने परिवार का खर्च मुश्किल से चला पाती थीं, लेकिन श्रम विभाग की दीदी ई–रिक्शा योजना ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया है।

सरस्वती ने बताया कि उन्हें स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी से इस योजना के बारे में पता चला। यह योजना उन जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक मदद देती है, जो छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत हैं। आवेदन करने के बाद, सरस्वती को श्रम विभाग की ओर से 50,000 रुपये का अनुदान मिला। इस राशि से उन्होंने एक ई–रिक्शा खरीदा। शुरुआत में थोड़ी मुश्किल हुई, लेकिन जल्द ही उन्होंने इसे चलाना सीख लिया।



### 15–20 हजार रुपए की हो रही है कमाई

आज सरस्वती शहर में ई–रिक्शा चलाकर यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुँचा रही हैं। इस काम से उन्हें हर महीने 15 से 20 हजार रुपये की आमदनी हो रही है। इस आय से वे न सिर्फ अपने घर का खर्च चला रही हैं, बल्कि ई–रिक्शा की किस्त भी चुका पा रही हैं। सरस्वती ने कहा, इस योजना ने मुझे एक नई राह दिखाई है। आज मैं आत्मनिर्भर हूँ और अपने परिवार का सहारा बन पाई हूँ। उन्होंने सरकार की इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। सरस्वती की यह कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हैं।

# वनभूमि पर कब्जा कर खेती का प्रयास, अमले ने की फसल नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



- पांडेआठगांव कुल्हाड़गांव जंगल का मामला

केशकाल वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र फरसगांव के पांडेआठगांव कुल्हाड़गांव जंगल के आरएफ/74 असिंचित वृक्षारोपण क्षेत्र के 10 हे. वनभूमि है। जिसमें से करीब 1 हे. में धान की बुआई किया गया था। सूचना मिलने कर मंगलवार को फरसगांव उप वन मंडलाधिकारी फरसगांव और बड़ेडोंगर परिक्षेत्र अधिकारी सहित दोनों रेंज के वनक्रमियों ने वन प्रबंधक समिति के लोगों के साथ ग्रामीणों के सहयोग से वनभूमि में अवैध कब्जा कर धान का बुआई का प्रयास किया गया था, जिसे नष्ट किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कब्जा धारियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई हेतु न्यायालय में पेश किया जाएगा । इससे पहले भी इसी भूमि पर अवैध कब्जा हेतु हल से जोताई करते दो भैंस और नागर को जब्त कर कार्रवाई की गई। केशकाल वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देश कर वन विभाग द्वारा वनों को बचाने के साथ हो रहे अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई के दौरान ये रहे उपस्थित

इस दौरान फरसगांव उप वनमण्डलाधिकारी वन एन के सिन्हा , फरसगांव रेंजर आर एस यादव, बड़ेडोंगर रेंजर नरेंद्र मेश्राम, वन प्रबंधक समिति अध्यक्ष मनोज कुमार मरकाम, उपाध्यक्ष चौहान सिंह दीवान, उपसरपंच ,अन्य ग्रामीणों सहित और वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### 9 वीं में प्रवेश, चतुर्थ प्रतीक्षा सूची की होगी काउंसिलिंग

**कांकेर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बिलासपुर एवं बलरामपुर में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डु उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कॉलोनी के सामने रायपुर में काउसिंलिंग किया जाएगा, इसके लिए काउसिंलिंग तिथि 12 एवं 13 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 05 तक निर्धारित की गई है।

पेज 11 का शेष

### लक्ष्य प्राप्ति से...

आनंद मोहन मिश्रा ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के हॉस्टल जीवन को अपनी सफलता का आधार बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के शहीद महेंद्र कर्मा एवं गंगा पोटाई जैसे क्रांतिकारी नेताओं को याद किया। साथ ही यह कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का विकास सतत रूप से हो रहा है जहां आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, गीत, हस्तकला, त्योहार और भाषाई विविधता को भी संरक्षित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य शिवनारायण पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन में छत्तीसगढ़ की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति से अधिक आनंद संघर्ष के समय में आता है। उन्होंने ज्ञान युग के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंनेकहा शिक्षा और गरीबी मात्र चर्चा का विषय न बनकर रह जाएं इनके लिए गतिशील क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों को राज्य सरकार की विजन 2047 दस्तावेज को पढ़ने का सुझाव दिया। अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने युवाओं को ज्ञान संपन्न स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनने का आह्वान किया। समापन सहायक प्राध्यापक अभिषेक बाजपेई के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# डिवाइडर में पौधे लगा कर जाली से किया जा रहा संरक्षित

हरिभूमि न्यूज : गीदम



नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और नगर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पंचायत गीदम द्वारा मुख्य मार्ग में बने डिवाइडर और सार्वजनिक स्थलों पर पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मददगार साबित होगी, बल्कि नगर की सुंदरता में भी इजाफा करेगी। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए जाली भी लगाई जा रही है, जिससे आवारा मवेशी या अन्य जानवर इन पौधों को नुकसान न पहुंचा सकें।

यह कदम पौधों की बेहतर देखभाल और उनके विकास को सुनिश्चित करेगा। नगर पंचायत गीदम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में कृष्णचन्द्र अवस्थी, कृष्णधर शर्मा, बजरंग माइंस एंड मिनरल्स के विजय जैन व रमेश सुराना

■ नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यीकरण की पहल

द्वारा भी विशेष सहयोग किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे इन पौधों की देखभाल में सहयोग करें और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझें। नगर का पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ रहेगा।

हरियाली बढ़ने से नगर की सुंदरता में निखार आएगा। तापमान और प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस प्रकार यह पहल पर्यावरण को संरक्षित करने और गीदम को एक स्वच्छ, सुंदर, और हरित नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप

### विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया




**भानपुरी।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत संचालित सभी शालाओ में वाद विवाद, रंगोली,चित्रकारी आदि का आयोजन कर उक्त दिवस को मनाया गया। साक्षरता रैली निकाली गई फिर एक जगह एकत्र होकर सामूहिक रूप से शपथ भी ली गई। आज ब्लॉक मुख्यालय बस्तर में भी अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षर रैली निकाली गई व उपस्थित जनसमुदाय व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में साक्षरता शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, बी आर सी अजम्भर कोर्राम ,प्राचार्य सेजेस कन्या बस्तर चन्द्रभान मिश्रा,सेजेस बस्तर प्राचार्य मनोज सिंह सहित नगर पंचायत के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिव्यांगता, समावेशन और नई शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के खंड श्रोत समन्वयक केंद्र में दिव्यांगता, समावेशन एवं नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बस्तर ब्लॉक के 45 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपीसी राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर एबीओ सुशील तिवारी सर एवं बीआरसी अजम्बर कोर्राम उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन एकता संस्था के डॉ. निराकर देवदास, डॉ. अलीवा सामल एवं डॉ. ऋतुपर्णा सारंगी ने किया। यह कार्यक्रम हैंडिकैप इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, समावेशी कक्षा का महत्व तथा नई शिक्षा नीति के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे एक महत्वपूर्ण और सीखने योग्य अनुभव बताया। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था सीबार वर्कर सुकमन कश्यप और मनकी कोर्राम ने की।

### सोमड़ी पोड़ियाम को मिला आर्थिक संबल

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सही मायने में जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल उपलब्ध करा रही है। परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन होने पर उसके आश्रितों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने में इसकी उपयोगिता सिद्ध है इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के बैंक ऑफ बड़ौद्रा मेटापाल शाखा के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम मेटापाल निवासी मृतक देवा पोड़ियाम की पत्नी सोमड़ी पोडियाम को 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। गौरतलब है कि देवा पोडियाम का निधन 20 मार्च को हो गया था। इसके चलते उसके परिजनों द्वारा आवश्यक दस्तावेज 21 अगस्त को बैंक में जमा किए गए थे। जिसके बाद 1 सितम्बर को बीमा राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। साथ ही इस अवसर पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में 18 सदस्यों ने लिए नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में व्यापारी संघ का गठन 60 वर्ष बाद पहली बार चुनाव प्रकिया से होने जा रहा है जिसको लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है किरंदुल

■ आज होगा नामांकन फार्म जमा चुनाव चिन्ह का आवंटन

व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में सात पदों पर निर्वाचन होने जा रहा है मंगलवार दोपहर 1 बजे समय सीमा

**15 सितंबर को होगा चुनाव**



तक 18 व्यापारियों ने नामांकन पत्र लिया अध्यक्ष पद के 2 प्रत्याशी जयदीप माखन, ओम सोनी, उपाध्यक्ष के लिए 6 प्रत्याशी पंकज सिंहा,संजय सोनी, सुषमा साहू,राज प्रसाद, ऊषा साहू, पुष्पा मोहरे,सचिव पद पर 2 प्रत्याशी राजेश वेपरल, राज प्रसाद, सह सचिव के लिए 6 प्रत्याशी सिराज खान, सुजीत कुमार सोनकर, शेखर दत्ता, शिजिल बालन, मोहित धवन, मोहम्मद आसिफ ने नामांकन फार्म लिया कल बुधवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक नामांकन फार्म जमा करना है प्रत्याशी का दोपहर 3 से शाम 5 तक नाम वापसी रहेगा शाम 5 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा 15 सितंबर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा तत्पश्चात शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ किया जाएगा।

## जेल में हुआ उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन मे 8 सितम्बर जिला जेल में परिरुद्ध बंदियों हेतु अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया था। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह आयोजन किया जाना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

# शिक्षकों का विरोध तेज, काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर शेख रफ़ीक खान की पुनः पदस्थापना को लेकर गीदम ब्लॉक के शिक्षकों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए 09 सितंबर से 13 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन काली पट्टी लगाकर बच्चों को पढ़ाने का निर्णय लिया है।

आंदोलनरत शिक्षकों का कहना है कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित करना नहीं है, इसलिए वे अध्यापन कार्य जारी रखते हुए काली पट्टी पहनकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पूरे ब्लॉक के शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में काली पट्टी पहनकर अध्यापन किया और विरोध स्वरूप सेल्फी लेकर सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया। इस पदस्थापना को लेकर शिक्षकों में रोष का आलम ऐसा है कि सोमवार को भारी संख्या में शिक्षक वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

मंत्री कश्यप ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि शेख रफ़ीक खान को गीदम में कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जाएगा तथा उनकी पदस्थापना अन्यत्र की जाएगी। शिक्षकों का कहना है कि जब तक शासन-प्रशासन द्वारा स्पष्ट आदेश जारी नहीं होता, उनका विरोध इसी प्रकार जारी रहेगा।

# युक्तियुक्तकरण से अब नहीं है जिले का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन, बीजापुर के 78 स्कूलों में पहुंचे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

शिक्षा के क्षेत्र में बीजापुर जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक मोड़ है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के 78 शिक्षक विहीन स्कूलों में अब नियमित शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि वर्षों से बंद पड़े स्कूलों में फिर से पढ़ाई होगी। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशों के अनुरूप युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके तहत जिले में चिन्हांकित 198 अतिशेष शिक्षकों में से 189 शिक्षकों की नई पदस्थापना की गई है। इनमें 104 सहायक शिक्षक, 13 प्रधान अध्यापक प्राथमिक, 45 शिक्षक, 31 प्रधान अध्यापक (माध्यमिक) और 5 व्याख्याता शामिल हैं। नई पदस्थापना के तहत 82 शिक्षक पूरी तरह शिक्षकविहीन स्कूलों में, 44 शिक्षक एकल शिक्षक वाले स्कूलों में और 63 शिक्षक सामान्य जरूरत वाले स्कूलों में भेजे गए हैं। विशेष बात यह है कि जिले के 76 ऐसे स्कूल जो दो दशकों से बंद पड़े थे, वहां अब पहली बार नियमित शिक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें गुंडापुर, मुदवेंडी, हिरमगुंडा, बोटेतोंग, गुंजेपरती, जीड़पल्ली और मुरकीपाड़ जैसे दुर्गम और अतिसंवेदनशील इलाके शामिल हैं। इन गांवों में अब शिक्षकों की नियमित आवाजाही शुरू होगी, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इसी तरह एक उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहां सभी व्याख्याता पद रिक्त थे, वहां अब हिंदी और सामाजिक अध्ययन विषयों के व्याख्याताओं की नियुक्ति कर दी गई है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी और स्कूल में विषयवार पढ़ाई सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार की इस पहल से शिक्षा व्यवस्था को मिली मजबूती एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से यह साफ है कि सरकार बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में भी शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। वर्षों से सुनसान पड़े स्कूलों में अब फिर से बच्चों की आवाजें गूंजेंगी और उनके उज्जवल भविष्य की नई इबारत लिखी जाएगी।

# पीएम आवास योजना के कार्यों में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने सोमवार को पंचायत स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवासीय योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सभी स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को उसका आवास मिल सके।

■ छूटे हितग्राहियों का सर्वे कर 100 प्रतिशत आवास पूर्ण करने का लक्ष्य

उन्होंने विशेष रूप से स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत छूटे हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत सर्वे कर उन्हें योजना से जोड़ने और स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत भी सभी पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर



उन्हें आवास प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी करने पर बल दिया। इसके अलावा, वर्ष 2024-26 के स्वीकृति गैप को शत-प्रतिशत पूरा करने और आवास निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर परिवार तक आवास पहुँचना है और पंचायत अधिकारियों को सेवा भावना के साथ कार्य करना चाहिए। ठाकुर ने अधिकारियों से नियमित समीक्षा कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर आवास पूर्ण कर ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# नवा जुहारनी कार्यक्रम में केशापुर पहुंचे जनपद उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

बस्तर का नवाखानी त्यौहार स्थानीय लोगों द्वारा प्रेम सदभावना और आस्था के साथ मनाया जाता हैं। सोमवार को दरभा विकासखंड के केशापुर गांव में नवा जुहारनी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में दरभा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी विशेष रूप से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गए थे। जनपद उपाध्यक्ष ने अपने गरिमामयी उपस्थिति के दौरान गांव के बुजुर्गो एवं महिलाओं को पुष्पहार एवं गमछा पहना कर



सम्मानित किया। साथ ही गरिमामयी रीति-रिवाज के अनुरूप बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। जिससे वातावरण अत्यंत भावुक एवं सदभावना पूर्व हो गया।

जनपद उपाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थानीय त्यौहार सबको जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही दुःख सुख बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। नवाखानी त्यौहार हमारे पूर्वजों द्वारा चलाया गया हैं, त्यौहार वर्तमान पीढ़ी के लिए विरासत की तरह हैं इसके गरिमा एवं अंतर्निहित भावनाओं को सुरक्षित रखते हुए हमें इसे सरक्षित रखना हैं। आधुनिक तामझाम के समय में भी हमारी परम्पराएं हमारे लिए प्रेणा के स्त्रोत हैं। इस दौरान छोटे बच्चों को काफी, पुस्तक, पेन आदि वितरित किया गया। गांव के बुजुर्गो ने भी अपना विचार रखा और सब मिलजुलकर एक साथ रहकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस नवा जुहारनी कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पुजारी, पेटल, कोटवार एवं गांव के सरपंच नीलू कश्यप, सचिव रामधर कश्यप, मूलचंद सेठिया, दलपत राय अंकित रजक, जानकी राम मौर्य व अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहें।

# सरपंच ने दिया ग्राम सभा सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहंडीगुड़ा

धमतरी जिला के ग्राम बरधाना एवं कारीपानी उपक्षेत्र बोरई ग्राम में आयोजित नावखानी ठाकुर जौहरनी मिलन समारोह में चित्रकोट ग्राम पंचायत के सरपंच भंवर मौर्य पहुंचे।

कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की असली सरकार है और जब तक ग्राम सभा सशक्त नहीं होगी, तब तक गांव का विकास अधूरा रहेगा। भंवर मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच का कर्तव्य केवल योजनाओं को लागू करना नहीं है, बल्कि ग्राम सभा को जागरूक और मजबूत बनाना भी है।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायती राज व्यवस्था में 29 विषय पंचायतों को सौंपे गए हैं, जिन पर काम करके गांव आत्मनिर्भर और विकसित बन सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि समता जजमेंट 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा था कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों की जमीन निजी कंपनियों को नहीं दी जा सकती और इन क्षेत्रों पर आदिवासी समुदाय तथा ग्राम सभा का अधिकार सर्वोच्च है। इसी तरह, वेदांता नियामगिरि जजमेंट 2013 में अदालत ने निर्णय दिया कि बोंधा आदिवासी समुदाय की आस्था और अधिकार की रक्षा केवल ग्राम सभा ही कर सकती है और किसी भी खनन परियोजना को लागू करने से पहले ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि ये दोनों फैसले हमें यह सीख देते हैं कि अगर ग्राम सभा एकजुट और जागरूक हो जाए, तो वह अपने हक और अधिकार की रक्षा कर सकती है। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। सभी ने भंवर मौर्य के विचारों की सराहना की और ग्राम सभा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# विज्ञान को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उसे जीवन में अपनाएं : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के द्वारा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पाँच दिवसीय साइंस कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस के अम्बस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, एपीसी कमल कर्मकार, खंड स्त्रोत समन्वयक जीतेन्द्र चौहान एवं आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य बिरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बताया कि यह पहल से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और बच्चों में आत्मविश्वास जगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी एवं दृष्टिकोण और तार्किक सोच को मजबूत करेगा। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार की भावना जागृत करेगा जो भविष्य में उन्हें



एक सजग, सक्षम एवं प्रभावशाली नागरिक के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम ने विज्ञान कार्यशाला का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि साइंस कैंप बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और जिज्ञासा को विकसित करेगा। विद्यार्थी प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उसे जीवन में अपनाएं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ एस कर्मकार एवं परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

# नोटरी की नियुक्ति की मांग

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उठाई आवाज़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर को तहसील का दर्जा मिले एक दशक पूरा हो चुका है, लेकिन वहां अब तक अधिकृत नोटरी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इस समस्या को लेकर गजराज कैंप किरंदुल निवासी प्रवेश कुमार जोशी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्थायी नोटरी की नियुक्ति की मांग की है।

जोशी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बचेली को वर्ष 2015 में तहसील घोषित किया गया था, परंतु आज तक वहां नोटरी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस कारण नगरवासियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों का सत्यापन कराने के लिए दंतेवाड़ा जाना पड़ता है। इससे किरंदुल-बचेली इलाके के लोगों को अनावश्यक यात्रा करनी पड़ती है और समय व धन की बर्बादी भी होती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर इस विषय पर समीक्षा की जाए और शीघ्र निर्णय लेकर बचेली तहसील में अधिकृत नोटरी की स्थायी नियुक्ति की जाए। जोशी का कहना है कि ऐसा होने से किरंदुल-बचेली क्षेत्र की लगभग 60000 की आबादी को राहत मिलेगी और लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उनका मानना है कि यह समस्या लंबे समय से लोगों को परेशान कर रही है और इसके समाधान के लिए सरकार को शीघ्र कदम उठाना चाहिए। विशेष सुत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक सभी तहसील के लिए शासन द्वारा नोटरी के लिए नियुक्तियां की गई है परन्तु सभी नोटरी जिला मुख्यालय में ही बैठते हैं।

# संग्रहालय के लिए पुराने वस्तुओं को दान देने आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

पीएमश्री एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा में पालक शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके उपरांत प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तथा बैठक के उद्देश्यों की रूपरेखा अभिभावकों के समक्ष रखी गई।

जिनमें विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियां, बच्चों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा छात्रावास में पालकों द्वारा बच्चों से मिलने एवं छुट्टी में लेने व छोड़ने से संबंधित जानकारी शामिल थी। विद्यार्थियों की कक्षा-वार प्रगति, अधिगम स्तर एवं परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। वृषभान खांडेकर उप-प्राचार्य द्वारा मेस संचालन, खान-पान गुणवत्ता, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं दैनिक समय सारणी से



संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई। आलोक सोनवाने द्वारा कक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा एवं अन्य आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष चर्चा की गई तथा बोर्ड परीक्षा में अपार आईडी की अनिवार्यता एवं आधार कार्ड में आवश्यक सुधार कार्य हेतु पालकों को सुझाव दिया गया। विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन एवं परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर बल दिया गया। शिशुपाल यादव द्वारा विद्यार्थियों को टाटा मोटर्स में रोजगार के अवसर तथा बारहवीं के बाद उपलब्ध कोर्स के बारे में जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शालीन द्वारा विद्यालय के एक छोटा सा हिस्सा में आदिवासी संस्कृति से संबंधित संग्रहालय के लिए पालकों से अपने पुराने वस्तुओं को स्कूल में दान के रूप में देने हेतु आग्रह किया गया तथा विद्यालय में सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने पर सुझाव प्रस्तुत किए गए। महेंद्र शर्मा द्वारा तलाश नैतिक मूल्य शिक्षा पर जानकारी दी गई। बैठक में अभिभावकों द्वारा भी विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं अनुशासन से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए गए। अंत में प्राचार्य कुलदीप सिंह ने सभी पालकों का आभार व्यक्त किया। पालकों से सुझाव एवं सहयोग प्राप्त किया गया तथा विद्यालय की प्रगति के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 565/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सामनाथ पिता दयाराम जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. अस्ति कश्यप निवासी ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. अस्ति कश्यप पति दयाराम ग्राम धनपुर का दिनांक 09/11/2018 को मृत्यु हुई है। आवेदक सामनाथ पिता दयाराम जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. अस्ति कश्यप मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202509161800004/ अ-2/ 2024-25

ग्राम- कारली, प.ह.नं.- 09, तहसील- गीदम

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती निर्मला शर्मा पति श्री ललन कुमार शर्मा निवासी कारली, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9479256675 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-कारली, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 3061/1/4 रकबा 0.0240 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 18/09/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम

## खबर संक्षेप

### डुरकोढोंगा में लगा स्वास्थ्य शिविर



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड डॉ. गजेन्द्र सेठिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत छिंदगांव क्रमांक 2 के डुरकाढोंगा पारा जो पहुंचविहीन क्षेत्र होने से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 मरीजों का उपचार ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती गंगा यादव द्वारा किया गया एवं शिविर में संस्थागत प्रसव के बारे मे उपस्थित ग्रामीणो का प्रेरित किया गया। इस शिविर में 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, जिसमे ग्रामीणों को गंभीर बिमारियों का इलाज भर्ती होने पर दिया जाता है। डॉक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को घरों के आसपास साफ सफाई एवं रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं बासी भोजन न करने की समझाईश दी। ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया एवं जननी सुरक्षा योजना के लाभ लेने प्रत्येक गर्भवती माता को समझाया। इस अवसर पर डॉक्टर सहित पर्यवेक्षक मुन्नालाल पानीग्राही, गामीण स्वास्थ्य संयोजक अनीस साय, तुलेन्द्र पांडे, चन्द्रप्रकाश सेठिया रहे। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने दी है।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए 18 परीक्षा केंद्र

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 14 सितंबर को आयोजित होने वाली आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज, झाड़ा सिराहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल क्र.1, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल क्र.2, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स कैंपस धरमपुरा स्थित स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, संजय मार्केट रोड स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल, रेलवे कालोनी स्थित स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, धरमपुरा-2 स्थित धरमू माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, भगत सिंह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बाल बिहार हायर सेकेंडरी स्कूल, निर्मल हायर सेकेंडरी स्कूल, वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली, आसना स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, विद्यापती एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी।

# लिमोपदर आश्रम में नहीं रहती अधीक्षिका, राम भरोसे छात्राएं

## जिला पंचायत सदस्य ने औचक निरीक्षण में पाया 50 सीटर आश्रम में मात्र 15

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहंड़ीगुड़ा ब्लाक के कस्तुरपाल पंचायत के लिमोपदर बालिका आश्रम की अधीक्षिका 25 किलोमीटर दूर लोहंडीगुड़ा ब्लाक मुख्यालय में रहती है। जिससे आश्रम में रहकर पढ़ने वाली बालिकाओं का जीवन और पढ़ाई भगवान भरोसे है। मंगलवार को क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप ने आश्रम के औचक निरीक्षण में अव्यवस्था देखी। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बच्चों और ग्रामवासियों ने कहा कि आश्रम अधीक्षिका कभी भी यहां नही रहती।

### बारीकी से जांच कर कार्यवाही करें

जिला पंचायत सदस्य कश्यप ने कहा कि 50 सीटर आश्रम में 15 बच्चों का होना गंभीर चिंता की बात है। बाकि 35 बच्चे कहां है। सरकार आश्रमों के बेहतर संचालन के लिए बच्चों की संख्या के अनुपात से राशन और सभी तरह के सामान के लिए राशि भेजती है। किंतु कई बार यह शिकायत आती है कि बच्चों को मिलने वाला खाना और अन्य सामान में भी भ्रष्टाचार कर लूटा जा रहा है। उन्होंने इस आश्रम में रहने वाले बच्चों की संख्या के अनुसार बारीकी से जांच करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहां है कि यदि इसमें गड़बड़ी हुई है तो दोषियों पर अपराध का मामला दर्ज होना चाहिए।



### सहायक आयुक्त ने कॉल रिसीव नही किया

आश्रम के संबंध में जिम्मेदार अधिकारी से चर्चा करने उनके मोबाईल पर कॉल किया गया। लेकिन सहायक आयुक्त ट्राइबल गणेश राम सोरी ने जवाब नहीं दिया। इसलिए उनका पक्ष नहीं आ सका।

### मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

भाजपा नेता तथा इस क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि चंद्रभान कश्यप ने कहा कि 2 दिन बाद 11 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। उनसे आश्रम की अव्यवस्था और अधीक्षिका के नहीं रहने की शिकायत की जाएगी।

जिसके चलते 50 सीटर छात्रावास में मात्र 15 बच्चे मिले। मिडिल स्कूल की बालिकाओं को खतरों के बीच रहना पड़ रहा है। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एक रसोईया ही मिला। उन्होंने बताया कि इस तरह की लापरवाही और काम के प्रति गैर जिम्मेदारी वह भी बालिका आश्रम में होना चिंता की बात है। इस संबंध में तत्काल प्रशासन और विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि आसपास के गांव में रहने वाली अधीक्षिका को यहां पदस्थ किया जाना चाहिए ताकि भगवान भरोसे बालिकाएं न रहें।

## समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा

# एग्री स्टैक में शेष किसानों का जल्द करवाए पंजीयन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि एग्री स्टैक में पंजीयन हेतु शेष किसानों का पंजीयन जल्द पूरा करवाएं इसके लिए राजस्व, कृषि, खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग समन्वय से कार्य को पूर्ण करवायें। कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन तथा जन शिकायत विभागीय योजनाओं के लंबित मामलों पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों में कचरा संग्रहण व्यवस्था, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, सेग्रिगेशन शेड निर्माण दुकान के साथ निर्मित सामुदायिक शौचालय के संचालन की स्थिति व निर्माण कार्यों की प्रगति और जल उपलब्धता के मुद्दों का संज्ञान लिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन कार्यों को गति प्रदान की जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत इंटरप्राइज फाइनेंस में ऋण प्रकरणों पर सभी जनपदों से विस्तृत चर्चा की गई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति के साथ ही मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा डीएमएफटी मद से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति का भी संज्ञान लिया। मनरेगा के तहत नवनिर्मित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवनों में उचित मूल्य दुकानों के शिफ्टिंग हेतु शेष कार्यों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास कार्यों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफटी) संस्थान के अंतर्गत स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्य और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को बारिश के कारण विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। डीएमएफटी मद से स्वीकृत विभिन्न कार्यों के लिए आवश्यक टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने कहा। इसी क्रम में डीएमएफटी मद से स्वीकृत अन्य विकास कार्यों के अपूर्ण कार्यों की भी समीक्षा की। उरुंगपाल-मुंडागढ़ में कॉफी प्लांटेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके लिए आवश्यक कार्यों को तत्काल पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही इतवारी बाजार में मल्टी पार्किंग निर्माण और गोल बाजार में दुकान निर्माण की प्रगति के साथ-साथ अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के स्वीकृत कार्यों की स्थिति की भी चर्चा की गई।

## पेड़ कटवाने के दौरान बंद हो रही बिजली उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के धरमपुरा रोड से पल्ली नाका तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा, इसके लिए सड़क किनारे स्थित पेड़ों को काटे जा रहे हैं।

- सड़क चौड़ीकरण से किनारे के 64 पेड़ कटेंगे व 41 वृक्ष कटे

वन विभाग इस सड़क में 64 पेड़ काटेंगे, इसमें से 41 पेड़ कटे। पेड़ काटने से वन विभाग ने बिजली दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत कंपनी को क्षेत्र की बिजली बंद करने को कहा जाता है। इससे धरमपुरा जोन की ओर से दुर्घटना रोकने के लिए पेड़ कटाने के दौरान बिजली बंद किया जा रहा है। वहीं बिजली बंद होने से धरमपुरा क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं।

# गांजा की तस्करी कर रहा एमपी का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने मध्यप्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 7 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। आरोपी को उस समय घेराबंदी कर पकड़ा गया जब वह एमपी जाने बस का ओडिशा बार्डर में इंतजार कर रहा था।

- आरोपी के कब्जे से 7 .06 किलो गांजा बरामद



गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि ओडिशा के मलकानगिरी से छग की ओर आने गांजा तस्कर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेनरोड के पास पहुंचकर बस का इंतजार कर रहे आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हरीराम केंवट 27 वर्ष निवासी ग्राम भमराहा पोस्ट बिजौरी तहसील मानपुर थाना मानपुर जिला उमरिया मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे के 3 पैकेट सैलोटेप से लिपटा हुआ 7.006 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई जदुराम बघेल, प्रधान आरक्षक धरम कश्यप, आरक्षक दशरू नाग व सैनिक राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सूत्र सम्मान कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सूत्र सम्मान इस वर्ष कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिये जाने का निर्णय लिया गया है। सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर को सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम किया जायेगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा का जन्म उ.प्र. के बुलन्दशहर में हुआ है। बी.ई., एम. टेक, पी.एच.डी. किये है। एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित है। हिन्दी के महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं, गजलें, समीक्षाएं व तकनीक के क्षेत्र में लेख प्रकाशित होती रहती है। वर्तमान में वे कोलकाता में कार्यकारी निदेशक के पद पर भारतीय रेलवे में पदस्थ हैं। विदित हो कि ठा. पूरन सिंह स्मृति सूत्र सम्मान वर्ष 1997 से देश के किसी एक संभावनाशील युवा कवि-लेखक को दिया जा रहा है। यह 28वां सम्मान है। इसके पूर्व अशोक शाह, प्रतापराव कदम, नासिर अहमद सिकदर, रजत कृष्ण, निर्मल आनंद, संजीव बख्शी, विनय सौरभ, एकांत श्रीवास्तव, अग्निशेखर, बसंत त्रिपाठी, सुरेश सेन निशांत, विमलेश त्रिपाठी, रेखा चमोली, सौरभ राय, आत्मारंजन, बहादुर पटेल, राजकिशोर राजन, सतीश कुमार सिंह, माधव राठौड़, भास्कर चौधुरी, सूर्यप्रकाश जीनगर, ओमप्रकाश मिश्र, संजय अलंग, डॉ. जमुना बीनी और शरद कोकास को सूत्र सम्मान से नवाजा गया है।

## ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार से हुआ विवाद...



**जगदलपुर।** बस्तर दशहरे रथ निर्माण के लिए लकड़ी काटने गए ग्रामीणों के साथ वन कर्मी ने अभद्र व्यवहार किया, जिससे विवाद बढ़ा। इसकी सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने पहुंचकर जांच करने का आदेश दिया तो ग्रामीण लकड़ी लेकर चले गए।

# पौधरोपण के साथ उसका संर्वधन व संरक्षण हमारा दायित्व : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुरंदी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पौधारोपण किया। कुंरदी में 40 पोंधे का पौधारोपण किया गया। किरण देव ने कहा वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन करने का समय है। हम सभी को मिलकर प्रकृति को बचाने में पहल करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम के तहत पोंधे लगाये जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में वृहद रूप से पौधारोपण किया जा रहा है। हमें पौधारोपण के साथ उस पौधे का रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण को संतुलित करने में वृक्ष का होना आवश्यक है। देव ने कहा पौधरोपण करने के साथ उसका संर्वधन व संरक्षण करना हमारा दायित्व और कर्तव्य है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, संरपंच सोनमती देवांगन,उप सरपंच मनोज बधेल, चंद्रकांत सेठिया, राजेश शर्मा,प्रकाश दुग्गड़, राजेश ओगले, प्रकाश नागें, तुलाराम, पूनम विश्वकर्मा, धनेंद्र ठाकुर, नरेन्द्र पांडे, राजेश, गजेन्द्र देवांगन,व काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

- एक पेड़ मां के नाम के तहत किरण देव ने किया पौधरोपण



# जीएसटी के माध्यम से जनता से की गई लूट को छुपाने का प्रयास : चौधरी

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा यह दावा किया गया है कि जीएसटी के स्लैब में कटौती से देश की जनता को बड़ा लाभ हुआ है। यह बयान आश्चर्यजनक है वास्तव में जीएसटी दरों में कटौती से जनता को राहत मिल रही है, तो भाजपा को यह भी स्वीकार करना चाहिए कि पिछले 8 वर्षों में इसी जीएसटी व्यवस्था के माध्यम से जनता को लूटा गया।

- नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर लगाया वाहवाही लूटने का आरोप



जीएसटी लागू होने के बाद से छोटे व्यापारियों, मझोले उद्यमों, किसानों, बेरोजगारों, छात्रों तथा आम उपभोक्ताओं को जिस प्रकार से आर्थिक बोझ उठाना पड़ा है, उसकी भरपाई क्या अब कुछ स्लैब कम करने से हो जाएगी।

भाजपा सरकार ने जबरन एक ऐसी कर व्यवस्था थोपी, जिसमें आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर भी भारी टैक्स चुकाना पड़ा। नोटबंदी, महंगाई और बेरोजगारी के साथ मिलकर जीएसटी ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। अब जब बिहार व अन्य राज्यों में चुनाव नजदीक हैं, तो जीएसटी स्लैब में मामूली कटौती करके इसे जनहितैषी कदम बताना जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने कहा जनता जानना चाहती है कि पिछले 8 वर्षों में जीएसटी से केंद्र सरकार ने कितनी अतिरिक्त आमदनी की। उन पैसों का लाभ किसे मिला जनता को या पूंजीपतियों को अब जो दरें घटाई जा रही हैं क्या वह भी चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

भारतीय जनता पार्टी को यह स्पष्ट करना होगा कि पिछले 8 वर्षों में उन्होंने किस आधार पर जनता से इतना कर वसूला, और क्यों अब अचानक उन्हें जनता की भलाई की याद आ रही है।

हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि यदि सही मायने में भाजपा सरकार की टैक्स निति जनहितैष नीति थी तो जीएसटी के पूरे ढांचे की लोक आयोग से स्वतंत्र जांच करवाई जाए, ताकि जनता के सामने यह आ सके कि किस प्रकार इस कर (टैक्स) प्रणाली के माध्यम से आम जनता पर आर्थिक अत्याचार हुआ।

## कांग्रेस बौखला कर मंत्री के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रही : दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नेता जयराम दास ने जारी बयान में कहा है कि पिछले दिनों जो घटनाक्रम हुआ उससे ये स्पष्ट हो चुका है कि जमीन से जुड़े आदिवासी जननेता केदार कश्यप के विरूद्ध दुष्प्रचार कर कुछ समय तक कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल सुर्खियों में बने रह सकते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में चल रहे जनहित के कार्यों से कांग्रेस बौखला चुकी है यही कारण है कि उनके विरूद्ध दुष्प्रचार कर रही है।



- भाजपा नेता ने कांग्रेस पर किया पलटवार

कांग्रेस की ये चाल न कभी सफल होगी और न ही जनता इसे स्वीकार करेगी। उससे कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता सामने आ गई है। इससे पहले भी आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर कांग्रेस ने ओछी राजनीति की। इसके बाद उन पर गोबर फिंकवाने की घटनाएं भी करवाई। अब वही कांग्रेस आदिवासी नेतृत्व को कमजोर करने और बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

जयराम दास ने कहा कि मंत्री व आदिवासी जननेता केदार कश्यप का सेवा से जुड़ा जीवन जनता के सामने है। कांग्रेस मुद्दों की कमी के कारण आदिवासी नेतृत्व को निशाना बना रही है, लेकिन जन सेवा का साथ देने वाले समर्पित नेताओं को झूठे आरोपों से गिरने नहीं देगी। आने वाले समय में जनता कांग्रेस को जवाब देगी।

